13/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 13, 14 और 15 अप्रैल, 2025 को पूरे भारत में मनाए जाने वाले वैसाखी, विशु, बोहाग बिहू, पोइला बोइशाख, मेषादी, वैशाखड़ी और पुथंडू पिरापु के त्योहारों पर राष्ट्र को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संदेश में इस बात पर जोर दिया कि ये फसल उत्सव भारत की विविधता में एकता का प्रतीक हैं और हमारे 'अन्नदाता' किसानों की कड़ी मेहनत का सम्मान करते हैं और प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण को प्रोत्साहित करते हैं। इस बीच, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बैशाखी की शुभकामनाएं दीं।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके साहस और बलिदान को याद किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह घटना भारत के इतिहास का एक काला अध्याय है, लेकिन शहीदों की अदम्य भावना पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने उनके बलिदान को देश के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया।

0000000000000000000000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की है कि सरकार अगले दो वर्षों में पूरे भारत में राजमार्गों को बेहतर बनाने के लिए ₹10 लाख करोड़ का निवेश करेगी, जिसमें पूर्वोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अरुणाचल प्रदेश कृषि और कृषि से संबद्ध सेक्टरों को मजबूत करने, किसानों का उत्थान, स्वयं सेवी सहायता समूहों को सशक्त करने और महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। अंर्तराज्यीय कंक्लेब में बोलते हुए श्री खांडू ने कहा कि खामती चावल, मंदारिन संतरे, कीवी, सेब, पर्सिमोन, चुरपी और अन्य कषि उत्पादों खासकर जीआई-टैग उत्पादों को एशियन और साऊथ ईस्ट एशियन बाजारों में निर्यात के लिए उत्पादों को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने खरीदारों से राज्य की अप्रयुक्त क्षमता का लाभ उठाने का आग्रह किया। श्री खांडू ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों को राज्य के समृद्ध लेकिन कम उपयोग की गई कृषि क्षमता में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इंटरनेशनल कंक्लेब को एपेडा और राज्य सरकार ने मिलकर आयोजित किया था। कार्यक्रम में कृषि मंत्री गेब्रियल डेनवांग वांगसू ने कहा कि प्रतिस्पर्धी बाजार में उचित मूल्य पाने में किसानों की मदद के लिए उनमें जागरुकता और क्षमता निर्माण बढ़ाने की जरुरत है। वहीं मुख्य सचिव मनीष गुप्ता ने अरुणाचल को "जैविक का पावरहाउस" कहा है। मुख्य सचिव ने वैश्विक जैविक बाजार में राज्य की बढ़ती क्षमता पर बल दिया। एपेडा चेयरमेन अभिषेक देव ने वैश्विक व्यापार में भाग लेने वाले किसान समूह को पहचानने की वकालत करते हुए उन्हें निर्यात केंद्रित पहलों के लिए लगातार समर्थन देने का आश्वासन दिया।

0000000000000000000000

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ अधिनियम 2025 को लेकर हुई हिंसा के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तत्काल तैनाती का आदेश दिया है।

यह आदेश विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी की राज्यव्यापी अशांति का हवाला देते हुए याचिका के बाद आया है। न्यायमूर्ति सौमेन सेन और राजा बसु चौधरी की विशेष पीठ ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए अन्य प्रभावित जिलों में भी इसी तरह की कार्रवाई की जा सकती है। बल राज्य प्रशासन के समन्वय में काम करेंगे।

0000000000000000000000

नाहरलागुन पुलिस ने अंतरराज्यीय सहयोग से दो फरार जालसाजों को अलग-अलग ऑपरेशन के तहत कोलकाता और गुवाहाटी से गिरफ्तार किया है। पहले मामले में, नाहरलागुन के जी एक्सटेंशन से काम करने वाले एक जौहरी पचपन वर्षीय देबाशीष कर पर आरोप है कि वह अगस्त दो हजार चौबीस में कई ग्राहको को धोखा देकर मरम्मत के लिए सोने के आभूषण एकत्र किया और उन्हें लेकर भाग गए। महीनों की निगरानी के बाद उसे वेस्ट बंगाल के हाबरा से स्थानीय पुलिस की मदद से पकड़ लिया गया है। आगे की जांच पड़ताल के लिए देवाशीष कर को ट्रांजिट रिमांड के तहत वापस नाहारलगुन लाया जा रहा है। वहीं एक अन्य मामले में, तैतीस वर्षीय श्रीनु चेक्का पर एक महिला के बैंक खाते से कथित तौर पर ₹4 लाख की हेरा फेरी करने के आरोप में गुवाहाटी से गिरफ्तार किया गया। असम पुलिस के साथ निरंतर तकनीकी ट्रैकिंग और समन्वय के बाद यह गिरफ्तारी हो पाया। श्रीनु चेक्का को भी जांच पड़ताल के लिए नाहरलहुन लाया गया है। इधर नाहरलगुन पुलिस अधिक्षक आपीएस मिनिन गामबो ने टीम को जल्द कार्रवाई और सुसमन्वित अंतर्राजीय प्रयास के लिए सराहना की।

0000000000000000000

सरकार ने पद्म पुरस्कार दो हजार छब्बीस के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं, जिनकी घोषणा अगले साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। इस साल नामांकन इकतीस जुलाई तक खुले हैं और नामांकन प्रक्रिया पिछले महीने की पंद्रह तारीख को शुरू हुई थी। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी।

0000000000000000000

आज दुनिया भर में पाम संडे मनाया जा रहा है। यह दिवस ईसा मसीह के येरूशलम में प्रवेश की स्मृति में मनाया जाता है। आज इस अवसर पर राज्यभर के गिरजाघरों में विशेष सेवा और प्रार्थना की गई।

00000000000000000000

अरुणाचल प्रेस क्लब में अपनी तरह का पहला LGBTQIA+ एवं संवेदीकरण और आत्महत्या रोकथाम कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम को अरुणाचल प्रेस क्लब और मारीवाला स्वास्थ्य पहल एवं ए पी क्वीर स्टेशन ने संयुक्त रूप से आयोजन किया था। “देखभाल के आख्यान’ थीम के अंतर्गत समावेशी मिडिया आख्यानों को बढ़ावा देने ले लिए विशेषज्ञों और क्वीर एक्टिविस्ट को एक साथ लाया गया।

000000000000000000000000